# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि 20 फाल्गुन, 1934 (श0) / 11 मार्च, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 85

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 41 |
| (2) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 04 |
| (3) वित्त विभाग | .. | .. | 02 |
| (4) सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 18 |
| (6) मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 04 |
| (7) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) उद्योग विभाग | .. | .. | 04 |
| (9) कारा विभाग | .. | .. | 04 |
| (10) वाणिज्य-कर विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग .. | 85 |

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1929. श्री रामायण मांझी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला के गुठनी प्रखंड के ग्राम–बड़की बिहारी, दरौली प्रखंड के ग्राम–गंगपलीया एवं आन्दर प्रखंड के ग्राम–भवराजपुर में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## छात्रावास बनाना

*1930. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के जगदीशपुर अनुमंडल में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए कोई छात्रावास नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जगदीशपुर अनुमंडल में अल्पसंख्यक छात्रावास बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## योजना का कार्यान्वयन

*1931. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार पुलिस ने आपराधिक घटनाओं की वैज्ञानिक जाँच सुनिश्चित करने के लिये सुगठित डॉग स्क्वायड बनाने का निर्णय वर्ष 2011 में लिया गया है, जिसके तहत स्पेशल डॉग खरीदे जायेंगे और उन्हें पूर्ण प्रशिक्षित कर प्रत्येक जिले को चार–चार कुत्ते दिये जायेंगे ;

(2) यदि उपरोक्त खंड के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इस योजना का कार्यान्वयन इसी वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## नियुक्ति करना

*1932. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–24/89 के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 195 पद आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी के रिक्त पद के विरुद्ध 10 जनवरी, 1993 को स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग के संकल्प 846, दिनांक 6 नवम्बर, 1982 में मापदंड विभिन्न परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर अंक आवंटित करने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि आरक्षित कोट के उम्मीदवार क्रमांक 79, 793, 794 को क्रमशः 46, 54, 54 प्राप्तांक से कम अंक प्राप्त उम्मीदवार क्रमांक 1257, 1280 तथा अन्य को सफल उम्मीदवार घोषित किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियुक्ति प्रक्रिया में विसंगति दूर कर संकल्प संख्या, 846 के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## बैंक खोलना

*1933. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के भैरोखरा, चाँदपुर पतह बरडीहा, बाजीतपुर, चाँदे आदि पंचायतों की आबादी 10 हजार से अधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों में कोई सरकारी बैंक नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में बैंक खोलने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

*1934. श्रीमती कविता कुमारी—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखंड के चैनपुर बाजार में बैंक ऑफ इंडिया का छोटा शाखा है, जबकि उक्त क्षेत्र में व्यावसायिक वर्ग की आबादी अत्यधिक है, जिससे उक्त बैंक पर अत्यधिक दबाव बना रहता है, जिससे आम जनता को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सिसवन प्रखंड में एक अतिरिक्त राष्ट्रीय बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अग्निशामक यंत्र देना

*1935. श्री राजेश सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला अन्तर्गत गंडक नदी के उस पार चार प्रखंडों के बीच एक भी अग्निशामक यंत्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला एवं अनुमंडल से इन प्रखंडों की दूरी क्रमशः 100 एवं 60 कि०मी० के बीच है जिसके कारण अग्निशामक गाड़ियों को घटना स्थल पर पहुँचने में 3 घंटे का समय लग जाता है जिस कारण आग पर काबू पाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में कबतक अग्निशामक यंत्र देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा देना

*1936. डॉ० रणविजय कुमार—क्या मंत्री, कारा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह सही है कि कारा हस्तक नियमानुसार वर्तमान माननीय सांसदों, माननीय विधायकों, माननीय मंत्रियों को जेल में पहुँचते ही उच्च श्रेणी की सुविधा देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियमानुसार वैसे व्यक्तियों को जिनका सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर तथा रहन–सहन अच्छा है उन्हें भी उच्च श्रेणी की सुविधा देने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह सही है कि पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों को उच्च श्रेणी की सुविधा देने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्व सांसदों एवं विधायकों को भी जेल में उच्च श्रेणी की सुविधा देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

परीक्षाफल का प्रकाशन

*1937. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–12/2010 के तहत प्रथम प्रशाखा पदाधिकारी (सीमित) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 1 सितम्बर, 2012 को किया गया है, परन्तु अभीतक परीक्षाफल प्रकाशित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त परीक्षाफल का प्रकाशन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1938. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला अंतर्गत कजरा थाना का अपना थाना भवन नहीं होने से निजी मकान में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निजी मकान में थाना चलने के कारण थाना को संचालित करने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कजरा थाना का अपना थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1939. श्री रामचन्द्र सहनी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में बहुअरी स्थित प्राचीन कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ग्रेड पे देना

*1940. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग, बिहार की अधिसूचना सं0 2036–2067, दिनांक 21 अगस्त, 2012 के द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के अन्तरिम आदेश के आलोक में +2 व्याख्याताओं अर्हता प्राप्त सहायक शिक्षक को प्रधानाध्यापक पद पर प्रोन्नति दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि +2 व्याख्याताओं को 12 वर्ष की सेवा पूरी करने पर पी0वी0–3–15600–39100 ग्रेड पे 5400 है, जबकि प्रधानाध्यापक पद के लिए पी0वी0–2–9300–34800 ग्रेड पे 5400 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य के सभी प्रधानाध्यापक को पी0वी0–3–15600–39100 ग्रेड पे 3 का प्रारंभिक वेतनमान देते हुए +2 व्याख्याताओं के ग्रेड पे देने का विचार रखती है ?

---

बैंक खोलना

*1941. श्री राम प्रवेश राय—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा वर्ष 2010–11 में यह निर्णय लिया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रत्येक पाँच हजार के आबादी वाले गाँव में एक बैंक की स्थापना की जायगी ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के मांझा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम बलूही बाजार में कोई भी बैंक की सुविधा नहीं है, जहां की आबादी पाँच हजार से अधिक है, यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में बलूही बाजार में बैंक की शाखा स्थापित करने का विचार रखती है ?

---

उप–कारा का निर्माण

*1942. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, गृह (कारा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सिकरहना (ढाका) से जिला मुख्यालय की दूरी 30 कि0मी0 है तथा सिकरहना अनुमंडल में

उप–कारा नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार सिकरहना अनुमंडल में अनुमंडल उप–कारा का निर्माण कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों नहीं ?

---

निदेशित करना

* 1943. श्री राजेश सिंह––क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि किसानों को बैंकिंग सुविधा पहुँचाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड को स्मार्ट कार्ड में बदले जाने की योजना वर्ष 2011 में चलाई गई है, जिससे किसान ए0टी0एम0 से पैसे निकासी कर सकते हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वित्तीय वर्ष 2011–12 में कितने किसान क्रेडिट कार्ड के उपभोक्ता को स्मार्ट कार्ड में तब्दील कर ए0टी0एम0 की सुविधा प्रदान की गई है, यदि नहीं, तो क्या सरकार इस संबंध में एक विशेष कार्य योजना के तहत बैंकों को निर्देशित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक खोलना

* 1944. श्री विनय बिहारी––क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा पाँच हजार की आबादी पर एक राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत योगापट्टी प्रखंड के मच्छरगाँवा बाजार में मात्र एक राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा है, जबकि उपभोक्ताओं की संख्या 10 हजार से अधिक है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को भारी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घनी आबादी वाले मच्छरगाँवा बाजार में अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक की शाखा या किसी अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

उद्योग खोलना

* 1945. श्री कृष्णनन्दन यादव––क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल में महिला उद्यमियों की संख्या बहुत कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल में अगरबत्ती बनाने का कार्य घर–घर होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल में महिलाओं को औद्योगिक प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गया जिला में नीमचक बथानी अनुमंडल में महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर अगरबत्ती उद्योग खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कोर्ट की स्थापना

* 1946. श्री राजेश्वर राज––क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज अनुमण्डल में स्थापित अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय एवं एस0डी0ओ0 कोर्ट के बीच 3 से 4 कि0मी0 की दूरी होने से मुकदमों की पैरवी में अधिवक्ताओं, वादी, परिवादी सहित संबंधित व्यक्तियों को काफी परेशानी होती है, यदि हां, तो क्या सरकार एस0डी0ओ0 कोर्ट, व्यवहार न्यायालय के निकट में ही स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तौल सेतु की स्थापना

*1947. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में बिहार के चीनी मिलों के द्वारा गलत वजन या कम वजन (घटतौली) के शिकायतों को दूर करने हेतु चीनी मिल गेट पर विभागीय तौल सेतु की स्थापना हेतु निर्णय ली गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि भारत सुगर मिल, सिधवलिया, विष्णु सुगर मिल, गोपालगंज, सासामुसा सुगर मिल, हरिनगर, सुगर मिल, रीगा, मझवलिया, लौरिया, सुगौली, नरकटियागंज़ सभी चीनी मिलों में वर्ष 2011-12 से अबतक घटतौली के शिकायतों को दूर करने हेतु चीनी मिल गेट पर विभागीय तौल सेतु अबतक स्थापित नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक चीनी मिल गेट पर विभागीय तौल सेतु स्थापित करने का विचार रखती है ?

---------

बैरक का निर्माण

*1948. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही थाना का सिपाही बैरक पुराने जर्जर सिंचाई विभाग के भवन में है, यदि हां, तो सरकार कबतक वहां सिपाही बैरक के निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अभियुक्तों की गिरफ्तारी

*1949. श्री अरूण मांझी--हिन्दी दैनिक सामाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''डायन बता मां-बेटे को पीटा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना सदर के अगमकुँआ थाना में दर्ज प्राथमिकी 313/11, दिनांक 3 दिसम्बर, 2011 के नामजद 20 अभियुक्तों में मात्र 4 को गिरफ्तार की गई, शेष को गिरफ्तार नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि शारदा देवी, पति राजकुमार मांझी को डायन बताकर तथा बचाने आये पुत्र शंभु कुमार को पीटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गिरफ्तार करना

*1950. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत राजीव प्रसाद उर्फ मनोज कुमार, पिता श्री रामजी प्रसाद, ग्राम-मंजौर, वलवापर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा को दिनांक 13 नवम्बर, 2012 को अपराधियों द्वारा ग्राम मंजौर में हत्या कर दी गयी, जिसे नवादा (कादीरगंज) थाना कांड संख्या 605/2012 दर्ज किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस जाँच में मृतक की हत्या ग्राम मंजौर में होने की पुष्टि होने के बावजूद आजतक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक राजीव प्रसाद उर्फ मनोज कुमार के हत्यारों को गिरफ्तार करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1951. श्री श्रवण कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत राजगीर प्रखंड के मोरा गाँव के समीप पुलिस ट्रेनिंग सेन्टर का भवन निर्माण कार्य वर्ष 2012 में आरम्भ किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का निर्माण कम्पनी ई०पी०आई०एल० है और योजना एक सौ साठ करोड़ रुपये की है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्य सरकारी मानक के अनुसार ईंट का प्रयोग तथा सीमेंट एवं प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माण की जाँच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

---------

नौकरी की व्यवस्था

*1952. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड थाना कांड सं० 9/11 को बागमती मुख्य धारा में नाव पलटने से श्री योगी महतो, पिता स्व० रामेश्वर महतो, श्रीमती शीला देवी, पति धनेश्वर महतो एवं पवन कुमारी, पिता धनेश्वर महतो, ग्राम-बधौनी की मृत्यु हो गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना कांड सं० 9/11 में उक्त मृतक व्यक्तियों को आजतक मुआवजा एवं सरकारी प्रावधान के अनुसार नौकरी नहीं मिली है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकारी प्रावधान के अनुसार उक्त मृतकों के परिवार को मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने का विचार रखती है, हां तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेंशन देना

*1953. श्री दिनकर राम--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जे०पी० अन्दोलनकारियों को पेंशन दिये जाने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि श्री शेख रजाक, पिता स्व० शेख जहांगीर, ग्राम-कोरलहिया, थाना-मौदह, जिला-सीतामढ़ी द्वारा 9 माह पूर्व ही कारा महानिरीक्षक का पत्रांक 134, दिनांक 24 फरवरी, 2012 प्रस्तुत कर दिये जाने के बावजूद गृह (विशेष) विभाग द्वारा श्री रजाक को जे०पी० सम्मान पेंशन नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री शेख रजाक को जे०पी० सम्मान पेंशन देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गिरफ्तार करना

*1954. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलांतर्गत बड़हरिया थाना के अधीन 17 मार्च, 2004 को दिन दहाड़े दो व्यक्तियों की हत्या कर दी गई, जिसके संबंध में दिनांक 17 मार्च, 2004 को सत्रह अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 22/2004 दर्ज की गई है, जिसमें अभीतक गिरफ्तारी नहीं हुई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मामले में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1955. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के मानिकपुर, हसुयाहा, सरैया ग्राम में कब्रिस्तान की घेराबंदी, भादा पंचायत के झड़वा कब्रिस्तान की घेराबंदी, कनछेदवा पंचायत के नूर आलम मियां के घर के पास कब्रिस्तान की घेराबंदी, हरसिद्धि, पकड़िया के मौजे पकड़िया कब्रिस्तान की घेराबंदी एवं तुरकौलिया प्रखंड के शंकर सरैया दक्षिणी के तनसरैया कब्रिस्तान की घेराबंदी, महानवां पंचायत में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सभी कब्रिस्तानों की घेराबंदी का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरण करना

*1956. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के अधीन नियुक्त पदाधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानान्तरण एवं पदस्थापन हेतु अधिकतम तीन वर्षों की अवधि सरकार के संकल्प संख्या 434, दिनांक 1 मार्च, 2007 द्वारा निर्धारित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संकल्प का उल्लंघन करते हुए बिहार कर्मचारी चयन आयोग में पदस्थापित पदाधिकारी/कर्मचारी पाँच वर्षों से अधिक से पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त संकल्प का अनुपालन करते हुए तीन वर्षों से अधिक से बिहार कर्मचारी चयन आयोग में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मचारियों का स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बैंक खोलना

*1957. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक 5000 हजार की आबादी पर एक बैंक खोलने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 में लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के पातेपुर प्रखण्ड के महतीर एवं दसपरहाँ गाँव की आबादी 12000 से अधिक है, लेकिन वहाँ कोई बैंक नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँवों में बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रशिक्षण देना

*1958 श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 1090 प्राथमिक बुनकर सहकारी समितियाँ हैं, जिसमें से मात्र 417 सहकारी समितियाँ ही कार्यशील हैं, जिसमें 34,367 बुनकर सहकारी समितियों से जुड़े हैं, शेष 98000 उससे बाहर हैं, यदि हां, तो सरकार अकार्यशील प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति को कार्यशील बनाकर हस्तकरघा एवं पावरलूम के क्षेत्रों के माध्यम से बुनकरों का रोजगार सृजन कर प्रशिक्षण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुकम्पा पर नियुक्ति

*1959 श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्व० राजेन्द्र त्रिपाठी की मृत्यु कक्षपाल, केन्द्रीय कारा, बाँकीपुर के पद पर रहते हुए दिनांक 10 फरवरी, 1979 को हुई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि स्व० त्रिपाठी की विधवा जनकदुलारी देवी अपने पुत्र राजेश कुमार त्रिपाठी को अनुकम्पा पर नियुक्ति करने हेतु दिनांक 19 अक्टूबर, 1988 से लगातार कारा महानिरीक्षक, पटना को अभ्यावेदन दिया, जिसपर कारा महानिरीक्षक के ज्ञापांक 1905, दिनांक 15 जनवरी, 1994 द्वारा अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, पटना को अभ्यावेदन पर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि कार्मिक-प्रशासनिक विभाग के ज्ञापांक 3सी 220/67, दिनांक 5 अक्टूबर, 1991 द्वारा अनुकम्पा नियुक्ति हेतु अभ्यावेदन देने का कोई समय-सीमा तय नहीं है, यदि हां, तो राजेश त्रिपाठी को अनुकम्पा पर नियुक्ति नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

भवन का निर्माण

*1960. श्री जितेन्द्र कुमार राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में मढ़ौरा अनुमण्डल मुख्यालय में दो अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराये गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक अनुमण्डल मुख्यालय में फायर स्टेशन भवन का निर्माण नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमण्डल मुख्यालय, मढ़ौरा में फायर स्टेशन भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

एoटीoएमo की व्यवस्था

*1961. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ विधान-सभा क्षेत्र में चार प्रखण्ड स्थित है, जिनमें चारों प्रखण्ड में लगभग 8 व्यावसायिक बैंक कार्यरत हैं, परन्तु चारों में से कहीं भी एoटीoएमo की व्यवस्था नहीं होने से आम जनता को परेशानियाँ हो रही हैं, यदि हां, तो सरकार आम जनता के हित में चारों प्रखण्ड के मुख्यालय में एoटीoएमo की व्यवस्था कबतक करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

भुगतान करना

*1962. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के अलौली प्रखण्ड में वर्ष 2009 में खरीफ फसल सूखाग्रस्त होने के कारण किसानों को फसल बीमा की राशि का भुगतान करने का प्रावधान किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, अम्बा ईचरूआ के तत्कालीन शाखा प्रबंधक की लापरवाही से 400 किसानों के स्थान पर मात्र 14 किसानों को ही फसल बीमा की राशि का भुगतान किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2009 में पदस्थापित उक्त बैंक ऑफ बड़ौदा, अम्बा ईचरूआ के तत्कालीन शाखा प्रबंधक के विरुद्ध जाँच करवाकर राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*1963. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में सकरार ग्राम स्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं की गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गाँव की सुरक्षा

*1964. श्रीमती बीमा भारती--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के रूपौली विधान-सभा क्षेत्र के भकसारा संथाली टोला गाँव में आपराधिक गतिविधि काफी बढ़ गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन महीने के अन्दर भतसारा संथाली टोला गाँव के कारण टुडु, राकेश टुडु, मंजु मरांडी का निर्दोष किसानों का मर्डर हुआ । उनके परिवारों को अपराधियों द्वारा धमकी दिया जा रहा है, उनकी सुरक्षा की कार्रवाई नहीं हुआ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भतसारा संथाली टोला गाँव में सुरक्षा देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सामग्री उपलब्ध कराना

*1965. श्रीमती मीना द्विवेदी--दिनांक 18 फरवरी, 2013 को हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर ''महिला बंदियों की सुख-सुविधाओं पर होगी विशेष नजर'' के संदर्भ में क्या मंत्री, गृह (कारा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्रीय कारा में बंद गर्भवती महिलाओं को नियमित जाँच तथा प्रसव कारा से बाहर अस्पताल में कराने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि महिला बंदियों के साथ रह रहे 0-6 वर्ष के बच्चों को प्रति छः माह पर वस्त्र, खेल सामग्री, एक सेट कटोरा, चम्मच, ग्लास, नहाने का बेबी साबून, बेबी पाउडर तथा प्रतिदिन दो फल व अंडा, 500 एम०एल० दूध एवं दो वर्ष से ज्यादा दिन के बच्चों को प्रतिदिन 500 ग्राम चावल, 100 ग्राम आटा, 200 ग्राम दाल व मालिस के लिए 200 ग्राम सरसों का तेल की व्यवस्था जेल प्रशासन द्वारा किया जाना है ;

(3) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केन्द्रीय कारा, मोतिहारी में महिला बंदियों की संख्या 50 तथा बच्चे बंदियों की संख्या 9 है, जिनके कारण नियमावली के अनुसार सामग्री उपलब्ध नहीं करायी गयी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महिला बंदियों को कारा नियमावली के अनुसार सामग्री उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*1966. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड के पकड़ी बाजार उक्त क्षेत्र के बीस गाँवों का मुख्य बाजार है, जहाँ व्यावसायिक वर्ग की संख्या पाँच हजार से अधिक आबादी है, लेकिन उक्त बाजार में कोई भी राष्ट्रीय बैंक नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त बाजार में राष्ट्रीय बैंक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*1967. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कटिहार नगर में अवस्थित हवाई अड्डा की जमीन, पक्का चहारदीवारी के अभाव में अतिक्रमित हो रहा है ;

(2) अगर उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त हवाई अड्डा की जमीन को, अतिक्रमण से मुक्ति कर पक्का चहारदीवारी का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना खोलना

*1968. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2010-11 में प्रदेश के सभी जिलों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति थाना खोले जाने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर, आदि जिला में अनु० जाति एवं अनु० जनजाति थाना नहीं खुला है तथा इन जिलों के अनु० जाति के पीड़ित पक्ष को हाजीपुर स्थित अनु० जाति एवं अनु० जनजाति थाना में जाकर आवेदन देना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जिला में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति थाना खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*1969. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला में तत्काल एक ही वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर तथा ग्रामीण इलाकों का कार्य सम्पन्न कराई जाती है, यदि हाँ, तो वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ शहर के लिए एक और पुलिस अधीक्षक को पदस्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि दिलाना

*1970. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिला के बौंसी थाना केस संख्या 146/12, दिनांक 5 सितम्बर, 2012 में भारतीय दंड संहिता के विभिन्न धाराओं तथा अनुसूचित जाति/जन-जाति अत्याचार अधिनियम के तहत देव लाल किस्कु पिता स्व० सुखु किस्कु ग्राम सलार बानों की हत्या के केस दर्ज किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कांड का अबतक अनुसंधान पूरा नहीं होने तथा अभियोग-पत्र न्यायालय में दाखिल नहीं किये जाने के कारण मृतक के आश्रितों को अनुसूचित जाति/जन-जाति अत्याचार अधिनियम के तहत मिलने वाले अनुदान राशि का लाभ अबतक नहीं मिल पाया है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस केस में आरोप-पत्र समर्पित कराकर आश्रितों को मिलने वाले राशि दिलाने का विचार रखती है ?

--------

गाड़ी उपलब्ध कराना

*1971. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज थाना में दो गाड़ियों की स्वीकृति वर्ष 2002 में देने के बावजूद मात्र एक ही गाड़ी की उपलब्धता के चलते विधि-व्यवस्था संधारण हेतु गश्ती में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त थाना के लिए एक अतिरिक्त गाड़ी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*1972. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय में एक मात्र राष्ट्रीयकृत बैंक भारतीय स्टेट बैंक की ही शाखा है, जिससे ग्राहकों को लेन-देन इत्यादि बैंक संबंधित आवश्यक कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कल्याणपुर में अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*1973. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत मदनपुर प्रखंड में ग्राम आंजन है, जिसकी आबादी तीन हजार से अधिक है, के बावजूद आंजन ग्राम में बैंकिंग की कोई सुविधा नहीं है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आंजन में बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

*1974. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के झौवाडी एवं बारा ईदगाह पंचायतों की आबादी 5000 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित पंचायतों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध नहीं है तथा काफी दूर जाने पर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होती है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अमौर प्रखंड की उक्त पंचायतों के बैंकिंग सुविधा हेतु बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

'क'-*1975. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज प्रखंड अन्तर्गत ''मडरडीह'' के पास कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ''मडरडीह'' के पास कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1976. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 04 फरवरी, 2013 को प्रकाशित शीर्षक ''वाणिज्य-कर के खेल में नेपाली व्यवसायी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलों के जयनगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से प्रतिदिन 23 से 25 टन का पार्सल एवं बी०पी० 4 से 8 टन एस०एल०आर० एवं ब्रेक वेन से समान उतारे जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि फर्जी नाम से मंगाये जाने वाले ये माल स्थानीय व्यवसायियों के मदद से नेपाल के व्यावसायियों तक बिना वाणिज्य-कर भुगतान किये सुरक्षित पहुँचाया जाता है, जिसमें अभीतक करोड़ों रुपये के वाणिज्य-कर की क्षति हुई है;

(3) क्या यह बात सही है कि दिनांक 3 फरवरी, 2013 को विभागीय पदाधिकार द्वारा रेलवे स्टेशन जयनगर पर छापामारी किये जाने पर मामले का पर्दाफाश हुआ है;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वाणिजय-कर की क्षति को रोकने एवं इस अवैध कारोबार में लगे लोगों पर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उग्रवाद को रोकना

*1977. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला में वर्ष 2006 से अबतक दर्जनों उग्रवादी घटनाएँ, उग्रवादियों द्वारा किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि लक्खीसराय जिला को अभीतक उग्रवाद प्रभावित जिला में शामिल नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लक्खीसराय जिला को उग्रवाद जिला घोषित कर चलाये जा रहे योजनाओं को क्रियान्वित कर बढ़ते उग्रवाद से रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-गृह (विशेष) विभाग को स्थानान्तरित ।

छत की मरम्मती

*1978. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय थाना का निर्माण वर्ष 2012 में किया गया है, परन्तु थाना भवन के निर्माण काल से ही थाना भवन वर्षात में चूने लगा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त निर्मित भवन में कार्य कराने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए छत की मरम्मत कबतक कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---------

बैंक खोलना

*1979. श्री संतोष कुमार निराला--क्या मंत्री, संस्थिक (वित्त) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 -11 में राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक 5000 हजार आबादी वाले गाँव में एक राष्ट्रीय बैंक की स्थापना की जायेगी, लेकिन राजपुर प्रखंड के धनसोई बाजार, डुमराव प्रखंड के अटॉव एवं चौसा प्रखंड के चुनी पवनी की आबादी 5000 हजार से अधिक रहने के बावजूद अभीतक बैंक की स्थापना नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थल पर बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदाधिकारी का पदस्थापन

*1980. श्रीमती पूनम देवी यादव--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया कोषागार में कोषागार पदाधिकारी का पद विगत 5 वर्षों से रिक्त है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ कोषागार पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1981. श्री सरफराज आलम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण (छपरा) जिले के छपरा नगर थाना काण्ड संख्या 326/2012 में ग्राम+पो०-मशरख दक्षिण टोला के 20 वर्षीय अनुसूचित जाति (नट जाति) बच्ची के साथ पाँच लड़कों द्वारा मार्शल गाड़ी नं० जी०पी० 2 के-8565 पर बैठाकर ले जाने के बाद बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बच्ची द्वारा 164 के तहत कोर्ट में बयान दर्ज कराने के बावजूद पुलिस के संरक्षण के कारण उक्त अपराधियों को आजतक नहीं पकड़ा गया है, फलस्वरूप अपराधियों द्वारा उक्त लड़की के माता-पिता को केस उठाव हेतु बराबर धमकी दी जा रही है, जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों को आवेदिका के द्वारा दिनांक 12 जनवरी, 2013 को दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संरक्षण देने वाले पुलिस पदाधिकरियों एवं अपराधियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कोचिंग की व्यवस्था

*1982. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित हार्डिंग रोड में हज यात्रियों के लिए हज भवन है;

(2) क्या यह बात सही है कि हज यात्रियों के लिए प्रतिवर्ष एक माह भरा रहता है तथा ग्यारह माह हज भवन खाली पड़ा रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि हज भवन जो ग्यारह माह तक खाली पड़े रहते हैं, में अल्पसंख्यक कल्याण हेतु गरीब एवं निर्धन अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त संघ लोक सेवा आयोग, बिहार लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, बैंक, रेलवे एवं अन्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु कोचिंग की व्यवस्था हो जाने से उक्त गरीब छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा;

(4) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक गरीब मेधावी छात्र-छात्राओं के हित में ग्यारह माह तक कोचिंग व्यवस्था चलाने हेतु सरकार अनुमति देने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

थाना की स्थापना

*1983. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2000 में गोपालगंज जिला के आरक्षी अधीक्षक द्वारा दियारा क्षेत्रों की सुरक्षा हेतु मांझा प्रखण्ड के ग्राम-दानापुर या कोइनी में नया थाना की स्थापना करने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजी गयी थी, यदि हां, तो क्या सरकार आरक्षी अधीक्षक गोपालगंज के प्रस्ताव के आलोक में नये थाने की स्थापना करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

कार्रवाई करना

*1984. श्री मंजीत कुमार सिंह--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित समाचार शीर्षक '' गन्ने के साथ आलू लगाये या लहसुन मिलेगा अनुदान'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार गन्ना के साथ सह-फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अनुदान के साथ ही प्रशिक्षण की जिम्मेवारी चीनी मिलों को दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि गन्ना किसानों को सह-फसलों को लगाने हेतु किसानों को चीनी मिलों के माध्यम से सह-फसलों की लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाना था;

(3) क्या यह बात सही है कि शरदकालीन ईख के लिये अंत:फसली फसल में गन्ना के विभिन्न प्रभेदों के साथ आलू, मसूर, राजमा, लहसुन, मंगरैला, सब्जी, दलहन, तेलहन, मखाना की खेती पर अनुदान देना था, जिसमें वित्तीय वर्ष 2011-12, 2012-13 में बिहार के कार्यरत सभी 9 चीनी मिलों में किसानों को मिश्रित अन्तर्वर्ती खेती के लिये अनुदान की राशि दी गई थी;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो गन्ना किसानों को अनुदान की राशि नहीं वितरण करने वाले दोषी मिल प्रबंधकों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

बैंक की स्थापना

*1985. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के विदुपुर प्रखण्डान्तर्गत 15000 की आबादी वाले जुड़ावनपुर ग्राम पंचायत के जुड़ावनपुर हाट चकौसन बाजार में एक भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घनी आबादी वाले बाजार में एक भी राष्ट्रीयकृत बैंक नहीं रहने के कारण आमलोगों को कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थापना हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

----------

बैंक खोलना

*1986. श्री सतीश कुमार--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राघोपुर प्रखण्ड के लिए स्वीकृत राष्ट्रीयकृत बैंक के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रूस्तमपुर शाखा पटना जिला के फतुहा प्रखण्डान्तर्गत कच्ची दरगाह में चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि राघोपुर के दियारावासियों को राष्ट्रीयकृत बैंक से संबंधित कार्य के लिए काफी दूरी तय करने के साथ गंगा नदी पार कर पटना जिला के कच्ची दरगाह आना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दियारावासियों की सुविधा राघोपुर प्रखण्ड में राष्ट्रीयकृत बैंक खोलने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1987. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही थाना का थाना भवन और थानाध्यक्ष का आवासीय भवन पुराने सिंचाई विभाग के भवन में कार्यरत है और जर्जर स्थिति मे है, यदि हां, तो सरकार कबतक, वहां थाना और थानाध्यक्ष के लिए आवासीय भवन के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

थाना का निर्माण

*1988. श्री प्रमोद कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी नगर थाना के भवन काफी पुराना एवं जर्जर है, यदि हां, तो मोतिहारी नगर थाना को आधुनिक थाना के रूप में निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*1989. श्री वीरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार का गेस्ट हाउस नई दिल्ली स्थित बिहार निवास नाम से है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निवास में प्रवास आरक्षण मंत्रिमंडल विभाग, बिहार के द्वारा किया जाता है;

(3) क्या यह बात सही है कि विगत 6 माह से उक्त गेस्ट हाउस के कमरो तथा बिस्तर की सफाई एवं खाने की व्यवस्था में काफी गिरावट आयी है, जिसके कारण ठहरने वाले अतिथियों को काफी कठिनाई हो रही है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस गिरते हुए व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

बैंक खोलना

*1990. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत डोभी प्रखण्ड के ग्राम घोड़ाघाट की आबादी 3000 से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि घोड़ाघाट में बैंकिंग का कोई सुविधा नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि बैंकिंग की सुविधा नहीं रहने के कारण आमजनों को काफी कठिनाई होती है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घोड़ाघाट में बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

राशि उपलब्ध कराना

*1991. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, राजभाषा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी कर्मियों को स्वयं या उनके परिवार के इलाज हेतु सरकारी स्तर पर राशि मुहैया करायी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल कार्यालय में पदस्थापित मो० शकील अहमद, सहायक उर्दू अनुवादक हृदय रोग से पीड़ित अपनी पत्नी श्रीमती रौशन आरा के इलाज हेतु अभ्यावेदन दिया है;

(3) क्या यह बात सही है कि उनका अभ्यावेदन काफी दिनों से विभाग के पास लंबित है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मो० शकील अहमद, सहायक उर्दू अनुवादक की पत्नी रौशन आरा को हृदय रोग के इलाज के लिए विभागीय नियमानुसार राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 1992. श्री कृष्ण कुमार ऋषि—हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 11 नवम्बर, 2012 को प्रकाशित "दलित युवक को फंसाना पुलिस को पड़ा महंगा" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत जानकी थाना के थाना कांड संख्या 112/2011 में श्री मनोज ऋषि को हथियार के साथ पुलिस द्वारा फंसाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां के डी0आई0जी0 श्री बच्चू सिंह मीणा द्वारा किए गए जांच के आधार पर खुलासा हुआ है कि युवक को एक साजिश के तहत हथियार के साथ फंसाया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डी0आई0जी0 जांच प्रतिवेदन के आधार पर उक्त दलित युवक को फंसाने वाले पुलिस पर कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राशि देना

* 1993. डॉ0 अब्दुल गफूर—क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अल्पसंख्यक परित्यक्ता मुस्लिम महिलाओं को रोजगार हेतु 10,000/–रुपया दिया जाता है, परन्तु सहरसा के 50 (पच्चास) अल्पसंख्यक परित्यक्ता मुस्लिम महिलाओं को उक्त राशि नहीं दिया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सहरसा जिला के अल्पसंख्यक परित्यक्ता मुस्लिम महिला को उक्त राशि देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

* 1994. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड–बोधगया का अतिरिक्त थाना मगध यूनिवर्सिटी के मार्केट कंप्लेक्स में स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दुकाननुमा सिर्फ 7 कमरे हैं, जिसमें 18 पुलिस कर्मी रहते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार थाना का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रिक्तियों को भरना

* 1995. श्री संजय सिंह टाइगर—स्थानीय हिन्दी समाचार–पत्र के दिनांक 07 मई, 2012 के अंक में शीर्षक "हर साल सैकड़ों की संपत्ति चढ़ रही आग की भेंट" के संदर्भ में क्या माननीय मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पिछले चार वर्षों में आगलगी के कारण 50 अरब से ज्यादा एवं वर्ष 2011 में 41 अरब की संपत्ति राख हो गयी ;

(2) क्या यह बात सही है कि आपात स्थिति में लगने वाली आग को बुझाने के लिए बनायी गयी अग्निशाम सेवा की संरचना विपत्ति की तुलना में अत्यन्त कम है जिसकी प्रतिपूर्ति के लिये एक हजार जवान और अफसरों की नियुक्ति का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार अग्निशाम सेवा को दुरूस्त कर उक्त विभाग की रिक्तियों को भरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बैंक खोलना

* 1996. श्री अशोक कुमार सिंह—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत मदनपुर प्रखंड में ग्राम पिरवां है, जिसकी आबादी तीन हजार से अधिक है, लेकिन पिरवां ग्राम में बैंकिंग का कोई सुविधा नहीं है, जिससे लोगों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पिरवां पंचायत मुख्यालय भी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पिरवां में बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

प्रतिमा लगाना

* 1997. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले राज्य के महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानियों की आदमकद प्रतिमा राज्य सरकार द्वारा राज्य में लगायी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चम्पारण में नील की खेती करने वाले किसानों की दुर्दशा से महात्मा गांधी को अवगत कराने एवं उनके चम्पारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राज कुमार शुक्ल की एक भी आदमकद प्रतिमा कहीं भी स्थापित नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंडित राज कुमार शुक्ल की आदमकद प्रतिमा पटना में लगाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अग्निशामक केन्द्र खोलना

* 1998. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआंव विधान–सभा के चरपोखरी, अगिआंव एवं गड़हनी तथा पीरो विधान–सभा के तरारी एवं सहार आदि जगहों के बीच कहीं भी अग्निशामक केन्द्र की व्यवस्था नहीं हैं, जिला मुख्यालय से इन प्रखंडों की दूरी 30 कि0मी0 है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में अग्निशामक केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 1999. डॉ0 अच्युतानन्द—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के छः आई0ए0एस0 समेत चार दर्जन बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों पर विभागीय कार्यवाही करने की कार्रवाई विभागीय जाँच आयुक्त के कार्यालय में 1 वर्ष से लंबित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दिसम्बर, 2012 में विभागीय जाँच आयुक्त द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को विभागीय कार्यवाही शुरू करने हेतु आवश्यक कागजात उपलब्ध कराने का पत्र दिया था जिसपर अभीतक कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त पदाधिकारियों पर जाँच की कार्रवाई पूरा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री—(1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। विभागीय जाँच आयुक्त के यहां भारतीय प्रशासनिक सेवा के छः एवं बिहार प्रशासनिक सेवा के 38 पदाधिकारियों के संबंध में जाँच की जा रही है।

(2) अस्वीकारात्मक है। विभागीय कार्यवाही हेतु आवश्यक कागजात विभागीय जाँच आयुक्त को उपलब्ध कराया जा चुका है जिसके आधार पर विभागीय कार्यवाही संचालित की जा रही है।

(3) विभागीय जाँच आयुक्त द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के प्रावधानों के आलोक में विभागीय कार्यवाही का निष्पादन किया जा रहा है।

वाहन उपलब्ध कराना

*2000. श्रीमती ज्योति देवी—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड मोहनपुर का थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोहनपुर के भवन में स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना में वाहन के नाम पर काफी पुराना एक कमान्डर जीप तथा एक पुराना 407 गाड़ी है ;

(3) क्या यह बात सही है कि काफी पुराना वाहन होने के चलते बराबर खराब होती रहती है और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा कायम रखने में पुलिस बल को हमेशा कठिनाई होती है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस थाना को नया वाहन उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

फैक्टरी लगाना

*2001. श्री रामानन्द राम—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी विधान–सभा क्षेत्र के किसानों द्वारा मक्का की खेती अधिकांश रूप में की जाती है, यदि हां, तो क्या सरकार किसानों के हित में उक्त विधान–सभा क्षेत्र में मक्का फैक्टरी लगाने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तानों की घेराबंदी

*2002. श्री विनय बिहारी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखंड अन्तर्गत डुमरी टकटकवा, नवलपुर, मदरसा के पास अहिरवली, बेलबनवा, दुबौलिया, अमैठिया, मच्छरगाँवा, कौलापुर, हरपुरवा, लालगढ़, महावीरपुर, बगही तथा लौरिया प्रखंड के दनियाल परसौना, मरिहिया, वृतिटोला, पडरौन ग्रामों के कब्रिस्तानों की चहारदीवारी निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तानों की घेराबंदी

*2003. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड के ध्रुव लखौरा, छिश्कहीया, गजपुरा,चन्द्रहीया, अमरछतौनी, सिरसा, लक्ष्मीपुर, रूलही, बरपा, नौरंगीया (गगयाडीह), पीपरा कोठी प्रखंड के सलेमपुर, वेलपतीया पंडितपुर, द० ढेकहा, आदि स्थानों पर कब्रिस्तान स्थित है, जो चहारदीवारीविहीन है, यदि हां, तो उक्त कब्रिस्तानों की घेराबन्दी कराने की विचार सरकार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*2004. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के दिघल बैंक प्रखंड अन्तर्गत गर्वनडांगा थाना की स्थापना दस वर्ष पूर्व की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना झोपड़ी में चल रहा है, वहां अबतक पक्का भवन का निर्माण नहीं कराया गया है, जिस कारण पुलिस के जवानों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गर्वनडांगा थाना के पक्का भवन निर्माण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तानों की घेराबंदी

*2005. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड में अवस्थित कब्रिस्तान यथा पिपला (मौजा–नजरपुर), टेना (मौजा–दाँती) जनता गौरामनी, बिशनपुर, बस्ताकोला एवं टपामारी की घेराबंदी नहीं होने से इसका अतिक्रमण हो रहा है तथा पशुओं का चारागाह बना हुआ है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रोजगार देना

*2006. श्री सोम प्रकाश सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि 29 जून, 2011 को मुख्य सचिव श्री ए०के०मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिसमें गृह, मंत्रीमंडल, वित्त, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित कई लोग शामिल हुए थे जिसमें निर्णय हुआ था कि विभिन्न सरकारी विभागों में चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के 50 प्रतिशत पदों को गृह रक्षकों से भरा जाएगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभी बिहार में चतुर्थ श्रेणी के करीब 80,000 पद रिक्त हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में गृह रक्षकों की कुल संख्या करीब 60,000 है जिसमें करीब 24,000 को रोजगार मिलता है और 36,000 गृह रक्षक बेरोजगार हैं ;

(4) यदि उपरोक्त तीनों खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर बहाली करने को तैयार हैं, जिससे गरीब बेरोजगार गृह रक्षकों को रोजगार मिल सके यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अपराध नियंत्रित करना

*2007. श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला का कल्याणपुर थाना उग्रवाद प्रभावित थाना है तथा इसको अपना भवन, स्टाफ क्वार्टर एवं अन्य आवश्क सुविधा नहीं रहने से वहां पदस्थापित कर्मियों को काम करने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कल्याणपुर थाना का भवन स्टाफ क्वाटर एवं अन्य आधुनिक आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराकर अपराध नियंत्रित करने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रमाण–पत्र दिलाना

* 2008. श्रीमती गुड्डी देवी—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बैंकों में किसानों को 50 हजार के0 सी0 सी0 ऋण के लिए आपत्ति प्रमाण–पत्र नहीं लिया जाता है, जबकि 50 हजार से अधिक ऋण लेने पर आपत्ति प्रमाण–पत्र लिया जाता है जिसके कारण किसानों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार 50 हजार से अधिक के0 सी0 सी0 ऋण बगैर बिना आपत्ति प्रमाण–पत्र के दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उद्योग स्थापित करना

* 2009. श्री दिनेश कुमार सिंह—क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला कृषि प्रधान जिला है, जहाँ कृषि आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग जगदीशपुर में नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिला में मकई, धान, गेहूँ, आलू, टमाटर, मिर्च, आम, नींबू, दूध आदि आधारित फूड प्रोसेसिंग उद्योग जगदीशपुर अनुमंडल में स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

* 2010. श्री मनीष कुमार—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत रजौन एवं धोरैया थाना भवन काफी जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि थाना भवन जर्जर होने के कारण थाना का कार्य बाधित रहता है, जिसके चलते वहां के आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों जर्जर थाना भवनों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 2011. डॉ0 इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनांक 29 अक्टूबर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "सूबे को चाहिये 265 डी0 एस0 पी0" को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में साढ़े दस करोड़ की आबादी वाले राज्य में 591 डी0 एस0 पी0 की आवश्यकता है, जिसमें सम्प्रति राज्य में 326 डी0 एस0 पी0 ही चयनित हैं तथा 265 डी0 एस0 पी0 की कमी है, जिससे राज्य के अपराध नियंत्रण आदि में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इस संबंध में तत्काल कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

---

पद को भरना

* 2012. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक का पद विगत दो वर्षों से रिक्त है, जिससे वादों का निपटारा काफी धीमी गति से हो रही है, पर्यवेक्षण कार्य लंबित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नवादा जिले में रिक्त पुलिस उपाधीक्षक के पद को भरने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

* 2013. श्री संजय सरावगी—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सदर प्रखंड के सहवाजपुर पंचायत के ग्राम कोठिया में कब्रिस्तान अवस्थित है, जिसकी घेराबन्दी नहीं की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता सदस्य ने भी उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए फरवरी, 2011 में जिलाधिकारी, दरभंगा को पत्र लिखा था ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान के पास दो समुदाय में तनाव के कारण अंचलाधिकारी ने 1 वर्ष पूर्व उक्त भूमि का सीमाँकन करवाया था ;

(4) यदि उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पटनाः
दिनांक 11 मार्च, 2013 (ई0)।

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा।

बि0स0मु0 (एल0ए0 242), डी0टी0पी0–450